**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## अच्छे स्वास्थ्य व एक्रागता का मंत्र है खेलकूद–डा. चौहान
## पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

पन्तनगर। 3 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय में स्थापित पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की नई कार्यकारिणी का परिचय एवं शपथ ग्रहण समारोह कुलपति सभागार में आयोजित किया गया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य व एकाग्रता का मंत्र खेलकूद है।

कुलपति सभागार में आयोजित पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण एवं परिचय समोराह को सम्बोधित करते हुए कुलपति डा. चौहान ने कहा कि प्रत्येक कार्मिक के लिए उसके जीवन में खेल को महत्व देना भी जरूरी है। इससे एक तो उसका स्वास्थ्य ठीक रहता है दूसरा कार्य करने में उसकी एक्रागता में बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और आशा की कि वे इसमें अधिक से अधिक कार्मिकों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इससे पूर्व कार्यवाहक अधिष्ठाता छात्र कल्याण व प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा विभाग डा. ओमप्रकाश ने सभी का स्वागत किया। पंतनगर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के मुख्य चुनाव अधिकारी डा. एन.के. सिंह द्वारा संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के स्टेडियम में कुलपति से एक सिंथेटिक ट्रैक बनाने हेतु अनुरोध किया। शपथ लेने वाले कार्यकारिणी के सचिव योगेश पंत, संयुक्त सचिव ज्योति व अजीत सिंह यादव, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह नेगी, मुख्य संयोजक प्रभाकर जोशी व मंजु जोशी, संयोजक शशांक शर्मा, वज़ीर अहमद, मोहित कुमार व अनिल कुमार जोशी मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिष्ठात्री प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा अलखनंदा अशोक ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। कुलसचिव डा. दीपा विनय ने सभी से योग व खेल को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता स्नातकोत्तर डा. के.पी. रावरेकर, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय डा. एस.पी. सिंह, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय डा. आर.एस. जादौं, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान डा. अवधेश कुमार, डा. अदिति वत्स, डा. ए.के. शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग के सह निदेशक व सुरक्षाधिकारी डा. जीएस बोहरा, डा. भाष्कर तिवारी, संयुक्त निदेशक श्रम कल्याण डा. जी.सी. जोशी, स्टाफ स्पोर्ट्स के सुदीश राय व विजय कुंवर मौजूद रहे।

*1. स्टाफ स्पोर्टस क्लब की कार्यकरणी को शपथ दिलाते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

**निदेशक संचार**